### चंदनगांव स्थित कृष्ण मंदिर के पास चल रही संदिग्ध गतिविधियों पर नहीं हुई कार्यवाही

# एक साल से चल रहा है देह व्यापार, पुलिस को नजर नहीं आई कोई गड़बड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

छिंदवाड़ा के चंदनगांव स्थित सतीजा पेट्रोल पंप के पीछे कृष्ण मंदिर के पास देह व्यापार और संदिग्ध गतिविधियों की शिकायत की गई थी जिस पर यात्री निवास के नाम पर अवैध व्यापार कराने के आरोपित अनिल प्रसाद द्विवेदी पर उनके ही भाई और क्षेत्र के शिक्षित और संभ्रांत लोगों द्वारा शिकायत की गई थी।

शिकायत के विरूद्ध कोतवाली पुलिस ने दबिश देते हुए क्षेत्र का निरीक्षण किया था परंतु इस गंभीर घटना पर कोतवाली पुलिस द्वारा शिकायत के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं करना पुलिस की कार्यप्रणाली पर संदेह पैदा करता है। मोहल्ले के पीड़ित पक्षों द्वारा घटना की जानकारी देने और शिकायत करने के बावजूद कोतवाली पुलिस घटनास्थल पर तो पहुंची परंतु वहां उसे कुछ भी नजर नहीं आया। सब कुछ सामान्य था मोहल्लेवासियों का कहना है कि उन्होंने पुलिस को पूरा विवरण विस्तार से दिया था परंतु पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया जिससे स्थानीय नागरिकों में नाराजगी देखने को मिल रही है।

लोगों का कहना है कि शिकायतों पर कार्यवाही नहीं हुई तो न्याय की अपेक्षा कैसे की जा सकती है। मोहल्लावासियों ने बताया कि देह व्यापार जैसे संवदेनशील मामले से पूरे मोहल्ले के लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। जवान बेटे बेटियों के सामने घर से आपत्तिजनक स्थितियों में निकलते नवयुगल प्रेमी प्रेमिका को देखकर महिलाएं और अभिभावक शर्मसार हो जाते है। दबी जुबान पर शिकायत करने की बात करते है परंतु अगर शिकायत कोतवाली पुलिस पहुंचती भी है तो पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही निराशाजनक ही प्रतीत होती है।

मामला संवदेनशील होने के बावजूद कोतवाली पुलिस ने मौखिक चर्चा तक सीमित रखा और कोई लिखित कार्यवाही या फिर कह सकते है कि कोई जिम्मेदार कदम नहीं उठाया और कोतवाल मामले की लीपापोती करते ही नजर आई। अगर मामले में पुलिस कोई कदम नहीं उठाती है तो वार्डवासियों को मजबूरन अपनी सुरक्षा के लिए कुछ कदम तो उठाने ही पड़ेंगे क्योंकि कोई कार्यवाही नहीं होने से आरोपियों के हौसले अभी और बुलंद है।

**यात्री निवास का बोर्ड लगाकर देह व्यापार करा रहे आरोपित को संरक्षण देने में यह बात तो सामने आ ही रही होगी कि यात्री निवास का जो बोर्ड लगा है उसमें किन यात्रियों को रखा जाता था या फिर इसके लिए उसके पास कोई लाइसेंस या फिर कोई शासकीय दस्तावेजा था भी या नहीं। किन यात्रियों को कितनी देर के लिए यह निवास कराया जाता था। निवास करने वाले यात्रियों का लेखा जोखा स्थानीय थाने में जमा होता था या भी नहीं।एक साल से निरंतर चलने वाले इस अवैध कार्य पर पुलिस की नजर कैसे नहीं पड़ी।ऐसे बहुत से सवाल है जिनका जवाब पुलिस की जांच में आना ही चाहिए। बहरहाल इंतजार है जांच का। उम्मीद की किरण बाकी है।**

### यह है मामला

सतीजा पेट्रोल पंप के पीछे कृष्ण मंदिर के पास रहने वाले लोगों ने मिलकर एक संयुक्त हस्ताक्षर वाली शिकायत एसपी कार्यालय में दिनांक 4 नवंबर 2025 को दर्ज कराई थी जिसमें उन्होंने यह उल्लेख किया था कि पिछले कई समय से अनिल प्रसाद द्विवेदी नाम के शख्स के मकान में यात्री निवास के नाम पर प्रेमी प्रेमिकाओं के लिए घंटे दो घंटे के लिए स्थान उपलब्ध कराया जाता था, साथ ही कई अनैतिक काम करने वाली महिलाओं का भी निरंतर आना जाना था जिससे मोहल्लेवासी बेहद परेशान थे। थक हारकर उन्होंने मिलकर एक शिकायत कोतवाली पुलिस और एसपी कार्यालय में भेजी परंतु कोतवाली पुलिस ने मामले को लीपापोती करते हुए घटनास्थल तक तो पहुंची परंतु वार्डवासियों का कहना है कि मौके पर उस समय दो जोड़े अंदर ही थे। पुलिस आने के बाद पुलिस ने किसी को भी अंदर नहीं जाने दिया और जब लोग साथ जाने लगे तब टीआई बोले कि आप लोग ही यह काम कर लोगे तो मैं क्या करूंगा इस पर वे अकेले अंदर गए परंतु जब वे बाहर निकले तब अंदर से जोड़े नदारद थे।



### पुलिस न करें कार्यवाही तो कैसे मिलेगा न्याय

पुलिस की भूमिका पर जब सवाल उठने लगे तो कानून व्यवस्था पर विश्वास करना संभव नहीं है। पर्याप्त तथ्यों और साक्ष्यों के मौजूद होने के बाद भी अगर पुलिस कार्यवाहीं नहीं करती है और शिकायत को गंभीरता से नहीं लेती है तो यह बात साबित करती है कि अभी कुछ और अपराधों का जन्म होना बाकी है। या फिर पुलिस किसी बड़े अपराध होने का इंतजार कर रही है। अपराध की आहट अगर समझ न आए तो यह कदम वार्डवासियों के लिए ही नहीं पूरे जिलेवासियों और समाज के लिए घातक हो सकता है। सूत्र बताते है कि पुलिस दबिश के समय भी कुछ जोड़े वहां मौजूद थे परंतु पुलिस के अंदर जाते ही जोड़े गायब हो जाते है। यह बात पूरे वार्डवासी नहीं पचा पा रहे है। इस बात की शिकायत वार्डवासियों द्वारा पुलिस अधीक्षक महोदय से भी की जाने की भी तैयारी की जा रही है। जल्द ही इस मामले में सीसीटीवी फुटेजों के आधार पर जांच कर कार्यवाही नहीं की तो आशंका जताई जा रही है कि यह मामला किसी दिन बड़े रूप में वार्डवासियों के सामने बड़े अपराधिक षड्यंत्र के रूप में निश्चित रूप से सामने आ सकता है।

### क्या कहते है वार्डवासी

शिकायत करने वाले वार्डवासियों का कहना है कि पुलिस को कुछ नजर नहीं आया। उन जोड़ों की गाड़ियां बाहर खड़ी होने की बावजूद भी कुछ नजर नहीं आया। जबकि जिस आरोपित पर आरोप लगाए जा रहे उसने अपने बचाव में दो वकील खड़े कर दिए थे। शिकायतकर्ताओं में अनिल प्रसाद द्विवेदी के सगे भाई गंगाप्रसाद द्विवेदी के अलावा विनोद साहू, कृष्णा पहाड़े, गुलाब गोनेकर, घनश्याम पवार, रमेश साखरे, अरूशा सोमकुंवर, प्रवीण पाटिल, बबलू चौरिया के अलावा अन्य कई वार्डवासी शामिल है। वार्डवासियों को कोतवाली पुलिस ने बड़ी उम्मीद थी कि कोई कार्यवाही की जाएगी परंतु या तो पुलिस झूठ बोल रही है या फिर वार्डवासी। परंतु अपने आपको ठगा सा महसूस कर रहे शिकायकर्ताओं का कहना है कि अगर पुलिस ने कोई कार्यवाहीं नहीं भी की है तो अब कोई भी जोड़ा यहां नजर आएगा तो वार्ड की सभी महिलाएं उनको पकड़कर पुलिस के हवाले करेंगी। कार्यवाही के अभाव में अपने मोहल्ले के अमन चैन के लिए उन्हें यह कदम अब उठाना ही होगा।







### इनका कहना है

कोतवाली टीआई आशीष धुर्वे से बात करने पर उन्होंने बताया कि देह व्यापार और संदिग्ध गतिविधियों की शिकायत पर घटनास्थल पहुंचकर टीम ने दबिश दी थी परंतु उन्हें ऐसा कुछ भी नजर नहीं आया। सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। अगर जो व्यक्ति ऐसे अपराध में लिप्त पाएगा उस पर कार्यवाही की जाएगी।

### कफ सिरप के लिए कच्चा माल कराता था उपलब्ध

## कफ सिरप मामले में 8 वां आरोपी शैलेश पांड्या गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

पुलिस अधीक्षक अजय पाण्डेय के द्वारा जहरीले कफ सिरप से हुई 2 दर्जन बच्चों की मौत के मामले की जांच के लिए गठित विशेष जांच दल (SIT) ने इस मामले से जुड़ा 8 वे आरोपी शैलेष पांड्या को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। पुलिस ने कोर्ट से आरोपी से विस्तृत जांच के लिए 3 दिनों की रिमांड मांगी जो मंजूर कर ली गई।



आरोपी गोविंदन रंगनाथन की कंपनी श्रीसन को कफ सिरप बनाने के लिए कच्चा माल देता था।श्रीसन कंपनी के मालिक गोविंदन रंगनाथन ने रिमांड के दौरान एस आई टी की टीम को बताया था, कि शैलेष पांड्या कफ सिरप के लिए रा मटेरियल कंपनी को उपलब्ध कराता था। आरोपी शैलेष की तमिलनाडु में फार्मेशी शॉप है।

पुलिस ने शैलेष का नाम सामने आने के बाद कुछ बैंक लेनदेन पर नजर दौड़ाई, सम्बंधित लोगों से पूछताछ की और पुख्ता सबूत जुटाने के बाद आरोपी शैलेष को गिरफ्तार किया गया है। कफ सिरप मामले में एस आई टी की टीम एस डी ओ पी जितेंद्र सिंह जाट के नेतृत्व में पूरी संजीदगी से जांच कर है। पुलिस का दावा है, इस मामले से जुड़ा कोई भी आरोपी बक्शा नहीं जाएगा।

### वॉश ऑन व्हील्स की बदौलत, सपनों की बाइक तक पहुंची स्वच्छता साथी राधेश्याम की मेहनत

**छिंदवाड़ा।** सपनों का रास्ता कभी आसान नहीं होता, पर जब कदम हिम्मत से उठते हैं, तो मेहनत से मंजिल खुद पास आ जाती है।₹छिंदवाड़ा जिले के जुन्नारदेव विकासखण्ड के स्वच्छता साथी श्री राधेश्याम टांडेकर एक मिडिल क्लास परिवार से निकलकर अपने सपने की ओर बढ़ते हुए आज अपने सपनों वाली बाइक के मालिक बन गए हैं। गत दिवस बुधवार 19 नवंबर 2025 को उनका यह सपना पूरा हुआ और उन्होंने 1,25,000 रुपये की बाइक की चाबी अपने हाथों में ली। उनका यह सपना, पूरे प्रदेश की पहचान बन चुके, छिंदवाड़ा जिले से शुरू हुए नवाचार, ₹ स्वच्छता साथी वॉश ऑन व्हील्स₹ सेवा से जुड़कर पूरा हुआ है। इस नवाचार ने ना केवल छिंदवाड़ा जिले को राष्ट्रीय स्तर पर एक नई पहचान दिलाई है, बल्कि ग्रामीण स्वच्छता में मील का पत्थर साबित होने के साथ ही, इससे जुड़े स्वच्छता साथियों के जीवन की दिशा एवं दशा ही बदल दी है। उन्हीं में से एक स्वच्छता साथी जुन्नारदेव जनपद पंचायत के श्री राधेश्याम टांडेकर हैं। इस पूरी यात्रा में वॉश ऑन व्हील्स सेवा उनके लिए सिर्फ एक रोजगार का जरिया नहीं, बल्कि एक ऐसी राह बनीजिसने उनके सपनों को पंख दिए। छिंदवाड़ा जिले के नवाचार वॉश ऑन व्हील्स सेवा में पूरे एक साल की निष्ठा, लगन, परिश्रम और जिम्मेदारी सेस्वच्छता साथी के रूप में राधेश्याम ने न सिर्फ काम किया, बल्कि अपनी पहचान बनाई। इस सफर में कलेक्टर छिंदवाड़ा, सीईओ जिला पंचायत श्री अग्रिम कुमार, स्वच्छ भारत मिशन की जिले व जनपद की टीम और सीईओ जनपद पंचायत सभी ने उन्हें प्रेरणा दी और इस नवाचार से जोड़कर उनका भरोसा बढ़ाया। स्वच्छता साथी श्री राधेश्याम की यह कहानी संघर्ष की नहीं, बल्कि कामयाबी की बन चुकी है। इस नवाचार से जुड़ने का अवसर देने के लिए उन्होंने जिला प्रशासन एवं स्वच्छ भारत मिशन की पूरी टीम को धन्यवाद दिया है। उल्लेखनीय है कि फिक्की राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित जिले का यह नवाचार अभी तक लगभग 50,000 शौचालयों की सफाई कर चुका है और जिले के स्वच्छता साथियों द्वारा करीब 50 लाख रुपये की आय अर्जित की जा चुकी है।

### न्यूटन में जारी अवैध धंधों के खिलाफ एसडीएम को दिया ज्ञापन न्यूटन

**परासिया :** भाजपा नेताओं ने परासिया एस डी एम कार्यालय पहुंचकर न्यूटन में जारी अवैध धंधों के खिलाफ ज्ञापन दिया है। एस डी एम शुभम यादव से गुहार लगाई गई है, कि नगर में संचालित अवैध धंधों पर अंकुश नहीं लगाया गया तो नगर में शांति व्यवस्था बिगड़ सकती है।भाजपा शहरी मण्डल अध्यक्ष बल्लू नागी की विशेष उपस्थिति, मंडल उपाध्यक्ष दीप अक्षय भनारिया के नेतृत्व में भाजपा नेता श्रीचंद यदुवंशी, रमेश साहू, जयंत राय, इंद्रपाल साहू, हरी आठनकर, राजेंद्र यादव (बबुआ), जितेंद्र राय, श्याम श्रीवास्तव, हेमंत नवैत और हेमंत अग्रवाल द्वारा दिए गए ज्ञापन में बताया गया है, कि नगर न्यूटन चिखली में वर्तमान में आसामाजिक तत्वों द्वारा अवैध धंधे जैसे शराब, सटटा, जुआ, अवैध रेत परिवहन का तीव्र गति से संचालन किया जा रहा है। नगर में प्रतिदिन शराब पीने वाले एवं जुआ खेलने वालों के चलते मोहल्लों के सामने जमावड़ा लगा रहता है। शराबी व्यक्ति शराब के नशे में अश्लील गाली गलौच कर नगर की शांति को भंग करते है। जिससे नगर के लोगों का अपने घरों में रहना और बाहर मुश्किल हो गया है। शाम के समय अपने घरों से निकलने में भी डर लगता है। शराबी नशे की हालत में लोगों के साथ उलझने की कोशिश करते हैं। जिससे विवाद और झगड़ा होने का डर बना रहता है। साथ ही उक्त नगर में अवैध रेत माफिया बेखौफ रेत परिवहन कर रहे हैं। पेंच नदी से रेत निकाली जाकर अवैध तरीके से बेची जा रही है। अवैध शराब बेचने वालों के द्वारा आसामाजिक तत्वों को वार्ड क्र -13 में आंगनवाडी केंद्र के बाजू में बैठाकर शराब परोसी जाती है।नगर परिषद कार्यालय के गेट के बाजू में, पुलिस चौकी के पीछे, त्रिमूर्ति चौक में, वार्ड क्रमांक 10 गणेश चबूतरे के पास, काली मंदिर के सामने अवैध तरीके से शराबियो को जमावडा रहता है। जहां पर वे शराब पीते है और जुआं खेलते हैं। नगर न्यूटन के वार्ड 10 के पीछे जो डेम स्थित है वहां से एवं वार्ड 2 पीपलघाट, संस्कार ढाबे के बगल में, बेलगांव में न्यूटन वार्ड 5 संतरविदास मंदिर के पीछे रेत का आसामाजिक तत्वों द्वारा अवैध भंडारण किया जाता है। उक्त स्थलों के रहवासी आसामाजिक तत्वों के उक्त अवैध कार्यों से अत्याधिक मानसिक तौर पर परेशान होते रहते है। ऐसे अवैध कार्यों पर विरुद्ध यदि तत्काल उचित कार्यवाही नहीं की गई तो ये आसामाजिक तत्व नगर न्यूटन में किसी भी दिन को अप्रिय घटना घटित हो सकती है।



## सर्पा नदी पर नहीं हो रहा है पुलिया निर्माण

### आवागमन में ग्रामीणों को होती है भारी परेशानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

मोहगांव हवेली में सर्पा नदी पर पुलिया निर्माण की मांग ग्रामीणों के द्वारा की जा रही है, हाल ही में कांग्रेस नेता जुबेर अली ने वल्लभ भवन भोपाल में नगरीय प्रशासन मंत्रालय, एवं लोक निर्माण विभाग को सर्पा नदी पर पुलिया बनाने की मांग की है। मिली जानकारी के अनुसार मोहगाव हवेली के वार्ड क्रमांक 14 और 15 के स्थानीय नागरिकों एवं समीपस्थ्य ग्रामिणजनों को पुलिया नही होने से सर्पा नदी से आने-जाने में काफी समस्या का सामना करना पड़ता है।इस नदी पर पुलिया निमार्ण कार्य हेतु स्थानीय निवासियों द्वारा लंबे समय से पुलिया निर्माण की मांग की जा रही है। बारिश के दौरान समीपस्थ ग्रामों के निवासियों को आने-जाने में बड़ी समस्या होती हैं।इस नदी से ग्रामीण बच्चे स्कूल जाते है। एवं आस-पास के ग्रामीणजनों को यही रास्ता निकट पड़ता हैं। युवा कांग्रेस प्रभारी सैयद जुबेर अली ने बताया कि हाल ही में भोपाल वल्लभ भवन में लोक निर्माण विभाग के मुख्य सचिव से मुलाकात कर सर्पा नदी पर पुलिया निर्माण हेतु ज्ञापन सौपकर शीघ्रता शीघ्र पुलिया निर्माण कार्य हेतु मांग की है।सर्पा नदी पर पुलिया निर्माण का टेंडर हो चुका था परंतु उसे क्यों निरस्त किया गया यह एक विचारणीय प्रश्न है। पुलिया नहीं होने के चलते शहर वासियों को इस पर से उसे पर जाने में बड़ी कठिनाई एवं परेशानी होती है बारिश के दिनों में यह समस्या और विकराल हो जाती है, शासन प्रशासन में बैठे हुए अधिकारियों से जल्द से जल्द यहां पर पुलिया बनाने की मांग की गई है।

## जल्द कर दिया जाएगा कर्मचारियों का वेतन, कर्मचारियों ने की थी हड़ताल

### वेतन न मिलने से नाराज सफाई कर्मचारी काम पर वापस लौटे



**हरिभूमि न्यूज:तामिया** पिछले माह का वेतन नहीं मिलने से नाराज सफाई कर्मचारी काम पर लौट गए हैं। सफाई कर्मचारी बुधवार दोपहर से गुरुवार दोपहर तक काम पर नहीं थे। गुरुवार दोपहर बाद अध्यक्ष और सी एम ओ से चर्चा के बाद काम पर आ गए।नगर परिषद न्यूटन चिखली में हड़ताल करके काम बंद करने वाले सफाई कर्मचारी अपने काम पर वापस लौट आये हैं। जानकारी अनुसार बुधवार को नगर परिषद न्यूटन चिखली के सफाई कर्मचारी पिछले माह का वेतन नहीं मिलने के चलते काम बंद कर हड़ताल में चले गये थे। हड़ताल के एक दिन बाद ही सभी कर्मचारी काम पर वापस लौट आये। नगर परिषद अध्यक्ष अनुपमा हेमंत राय ने कर्मचारियों से स्वयं बात की और बताया, कि प्रशासनिक समस्या के चलते वेतन का भुगतान नहीं हो पा रहा है। जैसे ही निकाय में पदस्थ किये गये सीएमओ पदभार ग्रहण कर लेगें, कर्मचारियों का वेतन कर दिया जायेगा। वरिष्ठ कार्यालय के आदेश के कारण प्रशासनिक दुविधा की स्थिति बनी हुई थी, जिसके चलते निकाय में सभी प्रकार का भुगतान रोकना पड़ा था।



## बहुजन महापुरुषों के विचारधारा का कर रहे हैं प्रचार प्रसार

# बुद्ध धम्म संदेश रैली का हो रहा है जगह-जगह सत्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर

बुद्ध धम्म प्रचार समिति की ओर से संपूर्ण देश में तथागत बुद्ध, महात्मा ज्योतिबा फुले संविधान निर्माता डॉ बाबासाहेब अंबेडकर के विचारों का प्रचार प्रसार हो बहुजन महापुरुषों की विचारधारा जन जन तक पहुंचे इस उद्देश्य को लेकर बुद्ध धर्म संदेश रैली का आयोजन किया जा रहा है।

बुद्ध धम्म प्रचार समिति प्रमुख के.सोमकुँवर समिति अध्यक्ष डॉ वाय.एल.ठवरे,मोरेश्वर रंगारे,लता नागदवने,रेखा शेंडे, शांतकला उपरे, माया दुफारे,से मिली जानकारी के अनुसार बुद्ध धर्म के प्रचार प्रसार को लेकर नागपुर की पावन दीक्षाभूमि से 31 अक्टूबर को बुद्ध धर्म संदेश रैली का शुभारंभ किया गया है। धम्म रैली भारत के विभिन्न राज्यों शहरों गावो का भ्रमण करते हुए रैली भोपाल इंदौर महू उज्जैन क्षेत्र में भ्रमण करते हुए




बुद्ध धर्म का प्रचार प्रसार कर रही है। इस दौरान रैली का जगह-जगह पर स्वागत सत्कार किया जा रहा है।

रैली के द्वारा भर्मण के दौरान ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के बौद्ध विहारों एवं अंबेडकर प्रतिमा स्थलों पर बैठकों कार्यक्रमों का आयोजन करते हुए बहुजन महापुरुषों की विचारधारा को बताया जा रहा है। बुध्द धम्म संदेश रैली के साथ में समिति प्रमुख केशवराव सोमकुँवर, रविकांत गौतमी, देवानंद वानखेडे, देवेंद्र बांगरे, गौतमी मैडम के द्वारा बुद्ध और उसका धम्म, बहुजन नायकों की विचारधारा के साथ ही मानव जीवन का किस प्रकार से कल्याण विकास हो सकता है,इस पर मार्गदर्शन दिया जा रहा है। मध्यप्रदेश भ्रमण के बाद में 4 दिसम्बर को रैली का सौसर में आगमन होगा, काजलवानी में आगामी 31 जनवरी से दो दिवसीय बुद्ध धर्म महोत्सव किया जा रहा है।

## वित्तीय साक्षरता पर ग्रामीणों को दी जानकारी



**सौसर।** बुधवार को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा संचालित वित्तीय साक्षरता केंद्र सौसर द्वारा बैंकिंग सेवाओ व जागरुकता वर्धन हेतु सौसर ब्लॉक के ग्राम पंचायत जाम मे वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया,जिसमे भारतीय रिजर्व बैंक से एलडिओ प्रखर उपाध्याय ब्लॉक समन्वयक दीक्षा गजभीये के द्वारा शासन के माध्यम से बैंक द्वारा चलाई जा रही योजनाओ की जानकारी दी गयी,साथ ही प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना , जीवन ज्योति, अटल पेंशन योजना, सुकन्या समृधि योजना साइबर अपराध के बारे मे ग्रामीणों को जागरूक किया गया, श्री उपाध्याय के द्वारा आम जनों की समस्या एवं प्रश्नों को सुनकर उनके समस्याओं का समाधान किया गया, दीक्षा गजभिये ने बताया ग्रामीण क्षेत्रों मे वित्तीय समझ पैदा करने के लिए रिजर्व बैंक ओफ इंडिया के द्वारा मनीवाइज वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम लाया गया है।

## 23 एवं 30 नवंबर को एसआईआर में लोकतंत्र उत्सव दिवस



**पांढुर्ना।** बीते 4 नवंबर से जिले में जारी मतदाता सूची का विशेष गहन पुरीक्षण अभियान 2026 पूरे उत्साह, सजगता और पारदर्शिता के साथ संचालित किया जा रहा है। यह अभियान आगामी 4 दिसंबर 2025 तक चलेगा। इस अभियान के तहत मतदाताओं को विगत एसआयआर की मतदाता सूची से लिंक किया जा रहा है ताकि मतदाता सूची पूर्ण शुद्ध और त्रुटिहीन बनाई जा सके। यहां उल्लेखनीय है कि इस अभियान के तहत कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ के मार्गदर्शन में विधानसभा क्षेत्र 128 में पांढुर्ना के सभी 254 मतदान केंद्रों पर 23 नवंबर एवं 30 नवंबर को एसआयआर में लोकतंत्र का उत्सव दिवस मनाया जाएगा। 20 नवंबर तक क्षेत्र के कुल 2,18,589 मतदाताओं में से 1,01,546 का सफलतापूर्वक मिलान किया जा चुका है। विधानसभा पांढुर्ना की निर्वाचक रजिस्टेशन अधिकारी अलका एक्का ने समस्त मतदाताओं से अपील की है कि वे अपने लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा हेतु 23 नवंबर एवं 30 नवंबर को अपने मतदान केंद्रों पर जरूर उपस्थित रहें। इस अभियान के दौरान विधानसभा में नियुक्त बीएलओ, आंगनवाडी कार्यकर्ता, सहायिका, आशा कार्यकर्ता, शाला शिक्षक, ग्रामपंचायत सचिव, रोजगार सहायक, पटवारी तथा नोडल अधिकारी सुबह 8 बजे से मतदान केंद्रों पर उपस्थित होकर मतदाताओं की सहायता करेंगे।

## आगामी जनवरी माह मे होगी वन्य प्राणियों की गणना



**दमुआ।** आगामी जनवरी माह में बाघ समेत मांसाहरी और शाकाहारी वन प्राणियों पशुओं गणना होगी 4 साल एक बार होने वाली गणना में 7 दिन वनकर्मचारियों को जंगलो पैदल भ्रमण करेगें इसकी जानकारी एम स्टाइक एप पर संधारित होगी वनप्राणी गणना में बाघ के पगमार्क विस्टा उनके शिकार के निशान देखे जावेगें साथ ही उनके साक्ष्य एकत्र किये जावेगें इसका समय सुबह 6:30 बजे से 10 बजे तक निर्धारित किया गया है। अभी वन विभाग की ओर से जानकारी मे गणना होना सुनिश्चित हुआ है। भविष्य में वनमण्डल स्तर पर इसकी तारीख भविष्य में घोषित की जावेगी फिलहाल वन कर्मचारियों को प्रशिक्षण करने का कार्यक्रम शुरू किया गया है।

### बाघ की गणना की ट्रेनिंग

पश्चिम वनमण्डल अंतर्गत जामई एवं दमुआ वन परिक्षेत्र सामान्य के अधिनस्त स्टाफ को अखिल भारतीय बाघ गणना प्रशिक्षण कार्यक्रम 2025-26 का प्रशिक्षण दिया गया वन परिक्षेत्र कार्यालय जामई एवं फील्ड प्रशिक्षण कार्यक्रम खजरी बीट में पूर्व से निर्धारित ट्रांजिक्ट लाईन क्रमांक 94 के मास्टर टेनर श्री धमेन्द्र शर्मा एवं श्री उमंग वर्मा कार्यवाहक वनपाल एवं परिक्षेत्र सहायक पश्चिम सांवरी ने शाकाहारी एवं मांसाहारी वन प्राणियों की गणना के बारे में बताया और प्रशिक्षण कार्यक्रम में एच.एल. कोदर वन परिक्षेत्र अधिकारी जामई, दिलीप सोनारे, अमीनुद्दीन खिलजी ,चंद्रमोहन मालवी, श्री जी.एन तिवारी , श्री हरदयाल कुमरे, श्री विनोद परतेती श्री सुरेश सरेयाम आदि मुख्य रूप से उपस्थित हुए।

# सांसद बंटी साहू की पहल से मिला बड़ा तोहफ़ा

## सिवनी अंडरपास निर्माण हेतु 25 करोड़ की मंजूरी, जल्द बदलेगा पांढुर्ना का स्वरूप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



नागपुर रोड स्थित ग्राम सिवनीवासियों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने एनएच-47 पर ओवरब्रिज के नीचे अंडरपास निर्माण के लिए 25 करोड रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। यह स्वीकृति क्षेत्रीय सांसद बंटी उर्फ विवेक साहू के निरंतर प्रयासों का परिणाम है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला भाजपा उपाध्यक्ष उज्ज्वल सिंह चौहान ने बताया कि ग्राम सिवनी क्षेत्र के लोगों की लंबे समय से उठाई जा रही मांग को देखते हुए सांसद बंटी साहू व्यक्तिगत स्तर पर लगातार प्रयासरत थे, जिसके सकारात्मक परिणाम आज सामने आए हैं।

### ग्रामीणों को मिलेगी राहत, कम होंगी दुर्घटनाएं

अंडरपास निर्माण के बाद सिवनी और आसपास के ग्रामीण अब बिना भय के सुरक्षित तरीके से आवागमन कर सकेंगे। इस अंडरपास की अनुमानित लागत लगभग 25 करोड़ रुपए है, जबकि इसका क्षेत्रफल 37 बाय 11 फीट निर्धारित किया गया है। गौरतलब है कि सिवनी क्षेत्र में पिछले 3 वर्षों में 18 सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें 9 लोगों की जान चली गई। ग्रामीण अब तक नेशनल हाइवे को जोखिम उठाते हुए पार करने को मजबूर थे। अंडरपास निर्माण से इस समस्या का स्थायी समाधान मिलेगा और ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी।

### जनसमस्याओं का समाधान हमारी प्राथमिकता

सांसद बंटी साहू सांसद बंटी साहू ने कहा कि भाजपा सरकार का मूल लक्ष्य आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता से दूर करना है। हाल ही में अमरावती रोड पर 100 करोड़ की लागत से ओवरब्रिज निर्माण को भी मंजूरी मिली है। पांढुर्नावासियों की मांग और हमारे निरंतर आग्रह पर सरकार नवगठित पांढुर्ना जिले में एक के बाद एक विभागों के जिला स्तरीय कार्यालयों को मंजूरी दे रही है। आने वाले कुछ वर्षों में पांढुर्ना का नया स्वरूप पूरे क्षेत्र को देखने मिलेगा।

## अहबाब उद्दीन को कांग्रेस में सौंपी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी

**छिन्दवाड़ाः-** मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ के निर्देशानुसार कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ में जिलाध्यक्ष पद पर नवनियुक्ति की गई है। नवनियुक्त पदाधिकारी को तत्काल प्रभाव से जिम्मेदारी सौंपते हुए कार्यभार संभालने हेतु निर्देशित किया गया है। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे की सहमति उपरांत कांग्रेस अल्प संख्यक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष पद पर जनाब अहबाब उद्दीन पिता जमाल उद्दीन (लाल साहब) को मनोनीत किया गया है। उन्होंने अपनी नियुक्ति के प्रति कमलनाथ एवं नकुलनाथ व कांग्रेस के वरिष्ठ जनों सहित समस्त कांग्रेसजन का हृदय से आभार माना है।

## तिगांव के धीरज बने ईडी के पब्लिक प्रॉसिक्यूटर

**पांढुर्ना :** यहा ग्राम तिगांव निवासी धीरज वानखडे जो वर्तमान में छत्तीसगढ हाईकोर्ट में अधिवक्ता है को केंद्र सरकार ने ईडी के पब्लिक प्रोसिक्यूटर के पद नियुक्त किया है। कल बुधवार को केंद्र सकार ने देशभर में ईडी के नए 125 एसपीपी की सूची जारी की जिसमें धीरज का नाम शामिल है। ज्ञात हो कि धीरज ग्राम तिगांव निवासी विनायक वानखडे के पुत्र है। धीरज के ईडी के पब्लिक प्रोसिक्यूटर चयन पर तिगांव सहित पूरे जिले का मान बढ गया है। धीरज के भाई नीरज ने अपने बडे भाई की इस आसमानी सफलता पर खुशियों का इजहार करते हुए गांव में मिठाईयां बांटी है। यहां उल्लेखनीय है नीरज वानखडे पांढुर्ना जिले में जलसंरक्षण के क्षेत्र में कई बरसों से काम कर रहे है। केंद्र सरकार द्वारा इन्हें वाटर की उपाधि प्रदान की गई है। इसके साथ ही जलसंरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हेतु नीरज का शासन द्वारा इनका कई मर्तबा सत्कार भी किया गया है।



## सर्दी के मौसम में विद्यार्थियों को गणवेश प्रोटोकॉल के लिए बाध्य नहीं करने के निर्देश

**छिन्दवाड़ा।** लोक शिक्षण संचालनालय म.प्र. भोपाल द्वारा दिए गए निर्देशों के परिपालन में जिला शिक्षा अधिकारी श्री जी. एस.बघेल द्वारा जिले के विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों और सभी शासकीय, अशासकीय, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, हाई स्कूल, माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्यों और प्राथमिक शाला प्रभारियों, आवासीय जनजातीय कार्य विभाग सहित सभी को निर्देशित किया गया है कि विद्यार्थी सर्दी के मौसम में किसी दिन गणवेश से अलग रंग, डिजाईन के कपड़े, स्वेटर पहनकर विद्यालय में आते हैं तो उन्हें कक्षा में उपस्थित होने से न रोका जाए। यह भी देखने में आया है कि सर्दी के मौसम में विद्यार्थियों को उनके जूते चप्पल कक्षा के बाहर उतारने के लिये बाध्य किया जाता है, जिससे विद्यार्थी का स्वास्थ खराब होने की संभावना होती है। इसलिये विद्यार्थियों को कक्षा के बाहर जूते चप्पल उतारने के लिये बाध्य न किये जाने के लिये निर्देशित किया गया है। इन निर्देशों का कड़ाई से पालन किये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

## कैरियर हायर सेकेण्डरी स्कूल में बाल दिवस मनाया



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

स्थानीय कैरियर हायर सेकेण्डरी स्कूल में देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती को बाल दिवस के रूप में समारोह पूर्वक मनाया गया। समारोह के प्रारंभ में ''माँ सरस्वती,'' पं0 जवाहरलाल नेहरू एवं स्वामी विवेकानंद के छाया-चित्र के समक्ष शैक्षणिक प्रभारी शिक्षक डी0 पी0 चैतगुरू द्वारा दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया गया।

इसके उपरांत छात्र-छात्राओं की कुर्सी दौड़, खो-खो प्रतियोगिता सहित क्रिकेट मैच संपन्न कराया गया। जिसके परिणाम इस प्रकार है:- क्रिकेट में कक्षा 11 वीं के छात्रों ने कक्षा 12 वीं के छात्रों को 20 रन से पराजित किया तथा रिजवान खान ने सर्वाधिक 42 रन बनाया। 100 मीटर दौड़ में प्रथम कु0 सलोनी पटले कक्षा 10वीं, द्वितीय कु0 सलोनी आमाडारे 10 वीं एवं तृतीय कु0 श्रुति गौतम कक्षा 11 वीं रही। पूर्व माध्यमिक विभाग से 100 मीटर दौड़ में प्रथम कु0 स्नेहा डेकाटे कक्षा 8 वीं, द्वितीय कु0 विभा गजभिये कक्षा 8 वीं एवं तृतीय कु0 खुशबू सोनटक्के कक्षा 7 वीं रही।

### 150 वर्ष की गौरव गाथा का भव्य समारोह संपन्न

## जय स्तम्भ चौक में गूँजा राष्ट्रगीत वंदे मातरम

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** माँ भारती के गौरव गान राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के ऐतिहासिक उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल वारासिवनी द्वारा देश की आजादी के प्रतीक जय स्तंभ चौक पर एक भव्य और गरिमामय सामूहिक वंदे मातरम गायन कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। देशभक्ति की भावना से ओत प्रोत इस कार्यक्रम में पार्टी के कार्यकर्ताओं, महिला मोर्चा, शक्ति केंद्र प्रभारी, मंडल के पदाधिकारी, समस्त पार्षद गण, बूथ अध्यक्ष और राष्ट्र भक्त नागरिक भारी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत से पहले समस्त उपस्थित जनसमूह ने माँ भारती के चरणों में अपनी आस्था और श्रद्धा व्यक्त करते हुए भारत माता के तैल चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए और भावपूर्ण माल्यार्पण किया। इस दौरान पूरा वातावरण देशभक्ति से ओत प्रोत हो उठा। जिसने आगामी सामूहिक गायन के लिए एक पवित्र और प्रेरक मंच तैयार किया। कार्यक्रम का आयोजन दोपहर 12 बजे किया गया। जिसने पूरे वातावरण को देशभक्ति के रंग में रंग दिया।

इस गरिमामय आयोजन का सबसे बड़ा आकर्षण हमारी युवा पीढ़ी रही। शासकीय कमला नेहरू स्कूल, शंकरसाव पटेल महाविद्यालय, इंदिरा मेमोरियल कान्वेंट स्कूल, आइडियल पब्लिक स्कूल, जवाहर नवोदय विद्यालय और शासकीय टिहलीबाई उत्कृष्ट विद्यालय के हज़ारों छात्र-छात्राओं ने सामूहिक रूप से



राष्ट्र गीत का गायन कर अपनी अटूट राष्ट्र भक्ति का परिचय दिया और इस आयोजन को सचमुच अविस्मरणीय बना दिया। सामूहिक गायन के दौरान करोड़ों भारतीयों की प्रेरणा वंदे मातरम की स्वर लहरियां जय स्तंभ चौक से गूंजी। ऐसा लगा मानो पूरा चौक देशभक्ति के एक महासागर में डूब गया हो।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ताओं नगर मंडल प्रभारी जितेन्द्र मोहारे, अभय कोचर, अधिवक्ता संतोष लिल्हारे, डॉ. मोनिका सोनेकर, पूर्व विधायक प्रदीप जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष किशोर अमूले, भाजपा नेता निरंजन बिसेन, नगर भाजपा मंडल अध्यक्ष संदीप मिश्रा ने वंदे मातरम के 150 वर्ष के सफर को रेखांकित करते हुए बताया कि यह गीत केवल एक धुन नहीं, बल्कि राष्ट्र भक्ति की अमर ज्वाला हैं, जिसने भारत के स्वतंत्रता संग्राम को नई ऊर्जा दी। उन्होंने युवा शक्ति का आह्वान किया कि वे इस राष्ट्रगीत के मूल भाव और त्याग को अपने जीवन में उतारें।

## प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज किरंनापुर।



कृषि विज्ञान केन्द्र, बड़गांव, किरनापुर में दिनांक 19/11/2025 को वर्चुअल कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि पर कार्यक्रम का आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र बड़गांव बालाघाट के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. एस. आर. धुवारे के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सरपंच श्रीमति कृष्णा गुरबेले ग्राम पंचायत बड़गांव उपस्थित रही। वर्चुअल कार्यक्रम में किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किस्त माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा जारी की गई जिसमें 9 करोड़ से अधिक किसानों के खातों में 18 हजार करोड की राशि का स्थानांतरण किया गया जिसमें प्रत्येक परिवार के खाते में 2-2 हजार रूपयें की राशि जमा की गई। माननीय श्री प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ-साथ तमिलनाडु के कोयमबटूर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आयोजित दक्षिण भारत प्राकृतिक कृषि शिखर सम्मेलन 2025 सम्मेलन से पीएम किसान योजना की 21वीं किस्त जारी की। कार्यक्रम के दौरान कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. एस.आर. धुवारे द्वारा गर्मी की धान फसल की बजाए अलसी, सरसों, गेहूं, चना की फसलों का चयन करना चाहिए जिससे जलस्त्रोत तथा फसल चक्र बना रहेगा। कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा चयनित किसानों को सी.एफ.एल.डी. अंतर्गत किसानों को अलसी का बीज वितरण कर उसके उत्पादन तकनीकी का किसानों को प्रशिक्षण दिया गया एवं प्राकृतिक खेती आदि के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गयी। कृषि विज्ञान केन्द्र, बड़गांव, बालाघाट में आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम में जिले के लगभग 325 कृषकों तथा महिला कृषकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में श्री परसराम गुरबेले ग्राम पंचायत बड़गांव, जिले के प्रगतिशील कृषक श्री रनजित सिंह चौहान, श्री रामेश्वर चौरीवार, जिले के कृषि विस्तार अधिकारी श्रीमति महेश्वरी भालाधरे, श्रीमति रंजना भालाधरे, श्री सी.एम. रामटेके, श्री गांधी घोरमारे, श्री अमन गुप्ता, श्रीमति स्वाती शिव, कुमारी दिव्या पटले, कुमारी जामवंती मरकाम, बी.एस.सी. (कृषि संकाय) अंतिम वर्ष के रावे छात्र उपस्थित रहे एवं कार्यक्रम को संपादित करने में केन्द्र के मौसम वैज्ञानिक धर्मेन्द्र आगाशे, अन्नपूर्णा शर्मा एवं दिलीप कुमार शिव ने विशेष सहयोग प्रदान किया।

# अवैध ईंट भट्टों पर कार्रवाई की मांग, कुम्हार समाज ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट/लांजी।

लांजी क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित हो रहे ईंट भट्टों के खिलाफ कुम्हार समाज संगठन लांजी ने जिला कलेक्टर बालाघाट को ज्ञापन सौंपकर सख्त कार्रवाई की मांग की है। समाज का कहना है कि शासन की अनुमति के बिना अन्य समाज के लोग बड़े स्तर पर ईंट निर्माण एवं परिवहन कर रहे हैं, जिससे न केवल शासन को राजस्व हानि हो रही है बल्कि कुम्हार समाज के पारंपरिक व्यवसाय पर भी संकट मंडरा रहा है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि कुम्हार समाज का पुश्तैनी कार्य मिट्टी के बर्तन, ईंट, कवेलं और मूर्तियां बनाना है, लेकिन क्षेत्र में अवैध ईंट भट्टों की बढ़ती संख्या के कारण उनकी आजीविका प्रभावित हो रही है। समाज के सदस्यों ने बताया कि प्रशासन द्वारा बिना अनुमति एवं रॉयल्टी के संचालित भट्टों पर कोई कार्रवाई न होना गंभीर लापरवाही है।



**मिट्टी और रेत उपलब्ध कराने की भी मांगः** कुम्हार समाज ने यह भी कहा कि शासन की ओर से उनके विकास के लिए योजनाएं तो जारी होती हैं, किंतु जमीनी स्तर पर उन्हें कोई लाभ नहीं मिल पाया है। समाज ने ईंट निर्माण के लिए रेत की रॉयल्टी में राहत देने और कार्य हेतु मिट्टी उपलब्ध कराने की मांग की है। साथ ही सरकार द्वारा दिए जाने वाली भूमि आवंटन की योजना को लांजी में लार्ग करने की मांग भी रखी गई। ज्ञापन में बताया गया कि अन्य संचालकों द्वारा ईंट परिवहन पर रॉयल्टी जमा न किए जाने से शासन को बड़े स्तर पर राजस्व नुकसान हो रहा है। समाज ने अवैध भट्टों की जांच कर उन्हें नियमों के तहत लाने एवं रॉयल्टी अनिवार्य करने की मांग की। कुम्हार समाज ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो वे आंदोलन की राह भी अपना सकते हैं।

### छात्रों की आवाज उठी, प्रोफेसर पर भी लगा पक्षपात का आरोप

# लांजी कॉलेज में शिक्षा नहीं, सत्ता का दुरूपयोग?

## छात्रों ने लगाया गंभीर आरोप, अध्यापन नहीं, दबाव और धमकी मिलती है

### स्थानांतरण की मांग नहीं मानी तो होगा आमरण अनशन

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट/लांजी।** शासकीय महाविद्यालय लांजी में छात्र-छात्राओं के साथ हो रहे कथित दुर्व्यवहार, शिक्षा में उपेक्षा और पद दुरुपयोग को लेकर घमासान मच गया है। छात्रों ने आरोप लगाया है कि महाविद्यालय में पदस्थ प्राध्यापिका श्रीमती कांता वर्मा द्वारा न सिर्फ पढ़ाई की उपेक्षा की जा रही है बल्कि छात्रों को व्यक्तिगत दुर्भावना के कारण मानसिक प्रताडन्ना भी दी जा रही है। यही नहीं, अब छात्र इस मामले में महाविद्यालय प्राचार्य पर भी मिलीभगत और कार्रवाई न करने का आरोप लगा रहे हैं। बी.ए प्रथम वर्ष के छात्र पवन कश्यप ने जिला कलेक्टर को दिए लिखित आवेदन में आरोप लगाया है कि प्राध्यापिका ने उनसे विषय और कक्षा संबंधी जानकारी मांगने पर कहा कि मुझसे बात मत करो, छात्र ने बताया कि मैं कर्क रोग से पीड़ित हूं। छात्र ने बताया कि छात्र ने बताया कि प्राध्यापिका कांता वर्मा के द्वाराजानबूझकर व्हॉटसएप ग्रुप से बाहर रखा, सीसीई परीक्षा से वंचित किया।

छात्र पवन ने बताया कि व्यक्तिगत रंजिश के कारण उन्हें पढ़ाई के लिए बनाए गए व्हाट्सएप ग्रुप में नहीं जोड़ा गया, जिससे परीक्षा, असाइनमेंट और सीसीई की जानकारी नहीं मिल सकी। छात्र के अनुसार यह सब इसलिए हुआ क्योंकि मैंने पिछले साल एनएसएस छात्रा की शिकायत मीडिया में प्रकाशित की थी। वहीं दूसरी ओर इस मामले में कु. कुमकुम बम्हे नामक छात्रा भी सामने आई है। उसका आरोप है कि जनजातीय गौरव दिवस पर आयोजित प्रतियोगिता के लिए उसने बिरसा मुंडा पर प्रोजेक्ट बनाया, लेकिन उसे प्रतियोगिता की तारीख बताई ही नहीं गई और उसका प्रोजेक्ट किसी दूसरी छात्रा के नाम से प्रस्तुत कर दिया गया। कुमकुम ने बताया कि तीन दिन मेहनत की, लेकिन मुझे कार्यक्रम से बाहर रखा गया और दूसरों को लाभ दिया गया। छात्रो ने बताया कि जब छात्रो के द्वारार आवाज उठाई जाती है तो प्रो. कांता वर्मा के द्वारा धमकी देते हुए कहा जाता है कि अभी तो तुम्हारा पहला वर्ष है, आगे देखती हूं। तुम कितनी भी शिकायत कर लो मेर कुछ नही होने वाला है। अगर तुम मेरी शिकायत करोगे तो मै तुम्हे परीक्षा में फेल कर दूंगी।




**प्राचार्य पर कार्रवाई न करने का आरोप, कार्यवाही नही तो होगा अनशनः** छात्रों का आरोप है कि शासन नियम अनुसार किसी भी प्रोफेसर को 3 वर्ष से अधिक एक ही कॉलेज में पदस्थ नहीं रहना चाहिए, लेकिन प्रोफेसर कांता वर्मा कई वर्षों से लगातार पदस्थ हैं। शिकायतों के बावजूद प्राचार्य द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई, बल्कि शिकायत करने वाले छात्रों को ही दबाया जा रहा है। छात्र पवन कश्यप ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि 1 दिसंबर 2025 तक प्राध्यापिका का स्थानांतरण नहीं किया गया, तो मैं कॉलेज परिसर में आमरण अनशन करूंगा। इस मामले ने लांजी क्षेत्र में शिक्षा की गुणवत्ता और कॉलेज प्रबंधन पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब देखना यह होगा कि प्रशासन छात्रों की आवाज सुनेगा या मामला फाइलों में धूल खाता रह जाएगा। वहीं इस संबंध में प्राचार्य आर.आर. सोनवाने का कहना है कि प्रो. कांता वर्मा की शिकायत यहां करने से कुछ कार्यवाही नही होती, उनकी शिकायत कलेक्टर से करो, तब ही कुछ कार्यवाही होगी।

### इनका कहना है



मुझे शिकायत मिली है, हमने उच्च शिक्षा विभाग को शिकायत भेज दी गई है, महाविद्यालय के संबंध में उनके ही द्वारा देखा जाता है, उनके द्वारा ही आगे की कार्यवाही की जावेगी।

**मृणाल मीना, कलेक्टर बालाघाट**

## खबर संक्षेप

### महिला उद्यमिता दिवस का आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज सिवनी। शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनी में प्राचार्य डॉक्टर ओमप्रकाश सरवैया के संरक्षण में कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत महिला उद्यमिता दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कटरे इंटरप्राइजेस सिवनी की सफल महिला उद्यमी श्रीमती संगीता कटरे ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं का उद्योगों में योगदान न केवल आर्थिक विकास में सहायक है, बल्कि यह सामाजिक संरचना में भी परिवर्तन लाता है। महिलाओं के उद्यम स्थापित करने से न केवल वे आत्मनिर्भर बनती है , बल्कि वह अन्य महिलाओं को भी प्रेरित करती है। साथ ही आपने अपनी संघर्ष एवं सफलता की कहानी छात्राओं से साझा की। कैरियर प्रभारी प्रोफेसर लक्ष्मी मेश्राम ने छात्राओं से कहा की यह दिन वैश्विक अर्थव्यवस्था में महिला उद्यमियों के योगदान को स्वीकारने और दुनिया भर में महिला उद्यमियों को सशक्त बनाने के लिए मनाया जाता है। वर्तमान में महिलाओं की उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए कई सरकारी एवं गैर सरकारी योजनाएं चल रही है। विभिन्न संगठनों द्वारा महिला उद्यमियों को सलाह, तकनीकी एवं वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। हालांकि महिलाओं के समक्ष कई चुनौतियां अभी भी मौजूद है। अतएव छात्राओं को भी शिक्षा अध्ययन के साथ-साथ अपना कौशल विकसित कर उद्यम की ओर प्रेरित होना चाहिए, ताकि वह आत्मनिर्भर बन सके एवं अन्य महिलाओं को भी रोजगार दे सके। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉक्टर अनीता भट्ट, डॉ सीमा रायकावर एवं प्रोफेसर आयशा सिद्दीका का योगदान सराहनीय रहा।

### टेबल टेनिस स्टेट चैंपियनो का हुआ सम्मान

मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग के खेल कैलेंडर 2025-26 के अंतर्गत आयोजित राज्य स्तरीय टेबल टेनिस की पुरुष वर्ग की प्रतियोगिता में उज्जैन विश्वविद्यालय को परास्त करते हुए छिंदवाड़ा विश्वविद्यालय ने विजेता का खिताब अपने नाम किया. वहीं, महिला वर्ग मे छिंदवाड़ा उपविजेता रहा बताना चाहेंगे कि पहली बार आयोजित इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता ने सिवनी को भी खेल मानचित्र पर एक नई पहचान दी।

# कलेक्टर ने बरघाट विकासखण्ड के ग्रामों का किया निरीक्षण

**कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने गुरुवार को बरघाट विकासखण्ड के ग्राम गांगपुर एवं उलट का दौरा कर विभिन्न विकासात्मक गतिविधियों का निरीक्षण किया।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

उन्होंने राज्य आजीविका मिशन के महिला स्व सहायता समूहों की महिलाओं से संवाद कर उनके उत्पादों, बाजार मांग और आय संबंधी जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर श्रीमती पटले ने महिलाओं को बेहतर कार्य के लिए प्रोत्साहित करते हुए उत्पादों की मार्केटिंग और पैकेजिंग सुधारने हेतु मार्गदर्शन दिया। साथ ही आजीविका मिशन के अधिकारियों को महिलाओं का नियमित मार्गदर्शन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।ग्राम निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्रीमती पटले ने विशेष गहन पुनरीक्षण की गतिविधियों का निरीक्षण करते हुए बीएलओ और अन्य मैदानी अमले द्वारा की गणना पत्रक की प्राप्ति एवं मतदाताओं के डाटा मैपिंग और डिजिटलाइजेशन सहित अन्य कार्यवाही का अवलोकन किया और आवश्यक निर्देश प्रदान किए।

उन्होंने ग्राम पंचायत का निरीक्षण कर प्रधानमंत्री आवास, आयुष्मान कार्ड एवं अन्य शासकीय योजनाओं के हितग्राहियों की स्थिति जानी तथा ग्राम

## महिलाओं से संवाद और योजनाओं की समीक्षा



### कलेक्टर के निर्देश पर सेक्टर अधिकारियों ने किया ग्रामों का निरीक्षण

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शीतला पटले के निर्देश पर गुरुवार को सेक्टर अधिकारियों ने अपने-अपने सेक्टर अंतर्गत आने वाले ग्रामों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बीएलओ द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) के तहत की जा रही कार्यवाही का अवलोकन किया।

सेक्टर अधिकारियों ने पुनरीक्षण कार्य में शेष बचे मतदाताओं से गणना पत्रक प्राप्त करने और उन्हें शीघ्र डिजिटाइजेशन हेतु भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने बीएलओ को जानकारी की शुद्धता और समयसीमा का विशेष ध्यान रखने को कहा। इसी के साथ, सेक्टर अधिकारियों ने अन्य विभागों के मैदानी अमले को पुनरीक्षण कार्य में पूर्ण सहयोग प्रदान करने के निर्देश भी दिए, ताकि ग्राम स्तर पर मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य सुचारू रूप से संपन्न हो सके।

सचिव से विस्तृत जानकारी लेकर दिशा–निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती पटले ने शासकीय स्कूल का भी निरीक्षण किया। यहां उन्होंने बच्चों और अभिभावकों से संवाद कर उन्हें प्रतिदिन स्कूल आने, नियमित पढ़ाई करने और मन लगाकर अध्ययन करने हेतु प्रेरित किया।इस अवसर पर एसडीएम श्री संदीप श्रीवास्तव सहित अन्य खण्ड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



## मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बीएलओ हुए सम्मानित

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी 'म.प्र.' भोपाल के निर्देशानुसार जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य (SIR) 2025 अंतर्गत बरघाट विधानसभा क्षेत्र क्र 114 के बीएलओ श्री शिवकुमार कटरे माध्यमिक शिक्षक खुर्सीपार बीएलओ मतदान केन्द्र क्रमांक 145, एवं लखनादौन विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 117 के बीएलओ श्री श्रीराम ककोड़िया सहा शिक्षक प्राथमिक शाला भानेरी

बीएलओ मतदान केन्द्र क्रमांक 128 द्वारा तय समय सीमा से पूर्व बीएलओ एप में अपने क्षेत्र के मतदाताओं की मेपिंग, गणना प्रपत्र (EF) वितरण एवं संकलन में शतप्रतिशत उत्कृष्ठ कार्य करने हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सिवनी श्रीमती शीतला पटले द्वारा शाल श्रीफल एवं प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सी एल चनाप भी उपस्थित रहे।

# विशाल नि:शुल्क नेत्र शिविर आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

नगर की सेवाभावी संस्थाऐ सक्षम भारत और श्री रामदल समिति द्वारा रजवाड़ा लॉन में नेत्र रोगियों का परीक्षण तथा मोतियाबिंद के ऑपरेशन हेतु विशाल निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन 21 नवम्बर को किया जा रहा है।

यह शीतकाल का मौसम ऑपरेशन की दृष्टी से हेल्दी सीजन माना जाता है अतः शुक्रवार 21 नवम्बर को अधिक से अधिक नेत्र रोगियों को जिन्हें मोतियाबिंद के ऑपरेशन करवाना हो वे सुबह 10 बजे लुघरवाड़ा स्थित रजवाड़ा लॉन पहुँचे, यहाँ देवाजी नेत्रालय जबलपुर के अनुभवी चिकित्सको द्वारा नेत्र रोगियों का परीक्षण किया जावेगा उसमें से जिन मरीजो को



मोतियाबिंद और काँचबिंदु के ऑपरेशन किये जाना होगा उन मरीजो संस्था के विशेष वाहन द्वारा जबलपुर ले जाया जावेगा और अगले दिन ऑपरेशन कर तीसरे दिन उसी विशेष वाहन द्वारा मरीज को सिवनी वापस लाकर छोड़ा जावेगा, यह प्रक्रिया पूरी तरह निःशुल्क है, मोतियबिन्द से पीड़ित हर कोई भी मरीज इस शिविर का लाभ उठा सकता है, मरीज को अपने साथ आधार कार्ड की एक फ़ोटो कॉपी अपने साथ अनिवार्य रूप से लाना होगा। नागरिकों से निवेदन है कि अपने परिजनों, अपने आस-पास के नेत्र रोग से पीड़ित रोगी को शनिवार 21 नवम्बर को इस शिविर में सुबह 10 बजे से 04 बजे के मध्य रजवाड़ा लॉन में जरूर लाये, और इस शिविर की जानकारी अन्य लोगो को दीजिये जिससे ज्यादा से ज्यादा नेत्र रोगियों को लाभ मिल सके।

नगर की सेवाभावी संस्थाऐ सक्षम भारत और श्री रामदल समिति के मनीष अग्रवाल और ओमप्रकाश अग्रवाल ने बताया कि बीते 08 वर्षो से यह निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें प्रत्येक माह की 21 तारीख को यह निःशुल्क नेत्र शिविर रजवाड़ा लॉन में आयोजित किया जा रहा है, जिसमे लगभग 07 हजार रोगियों का निःशुल्क मोतियाबिंद के ऑपरेशन किये जा चुके है।

# क्राइम सेल के चक्कर काट रहा ठगी युवक

## एक माह पहले थी ऑनलाइन ठगी की शिकायत

**ना समझी में ऑनलाइन ठगी का शिकार होना कोई नई बात नहीं है ऐसा ही एक मामला नगर कहानी के निवासी उमेश नामदेव के साथ घटित होने का सामने आया है जिसकी शिकायत पीड़ित के द्वारा साइबर क्राईम सेल जबलपुर में भी आवेदन के माध्यम से की गई है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

आवेदन के अनुसार उमेश नामदेव को 25 सितंबर को लोन दिलाने के नाम पर 7367 894434 नंबर से फोन आया और 500000 लोन देने के आवाज में प्रोसेसिंग फीस रजिस्ट्रेशन फीस और इंश्योरेंस फीस आदि के नाम पर अलग-अलग समय पर 68171 रुपए वसूले गए,लेकिन इसके बाद इस नंबर पर फोन करने पर कोई जवाब नहीं आया और ना ही लोन दिया गया उपरोक्त शिकायत



उमेश नामदेव के संपूर्ण बैंक डिटेल के साथ साइबर क्राईम सेल में की गई है किंतु एक माह बीत जाने के बाद भी किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं की गई, कार्यवाही नहीं होने से आवेदन करता पीड़ित उमेश नामदेव बहुत ही निराश है और लगातार क्राइम सेल के चक्कर काट रहा है। ऐसे मामलों पर अक्सर कार्यवाही नहीं होने से साइबर ऑनलाइन ठगी करने वालों के हौसले आसमान छू रहे हैं विभागीय अधिकारियों से अनुरोध है की शीघ्रता से इस मामले की जांच करते हुए पीड़ित को उसकी राशि वापस दिलवाई जावे।

## आपकी भूली पूंजी अब आएगी आपके पास

# जिले में निष्क्रिय खातों की खोज हुई तेज

**केंद्र सरकार द्वारा नागरिकों की बिना दावे वाली वित्तीय सम्पत्तियों को उनके वास्तविक हकदारों तक पहुँचाने हेतु चलाए जा रहे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

विशेष अभियान "आपकी पूंजी-आपका अधिकार" को जिले में गति मिल रही है। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले द्वारा संबंधित विभागों व वित्तीय संस्थानों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

अभियान के अंतर्गत निष्क्रिय बैंक खाते, परिपक्व बीमा पॉलिसियाँ, भूली हुई म्यूचुअल फंड राशि सहित विभिन्न वित्तीय सम्पत्तियों की खोज कर उन्हें पुनः सक्रिय कराने की प्रक्रिया जारी है, ताकि लाभार्थियों को उनका अधिकार वापस मिल सके।

कई बार नागरिकों के बैंक खाते बंद हो जाने, बीमा पॉलिसियाँ परिपक्व होने या कानूनी वारिसों को जानकारी न होने से राशि वापस नहीं हो पाती।

वित्तीय संस्थानों द्वारा कई प्रयासों के बावजूद कुछ धनराशि वर्षों तक जमाकर्ता शिक्षा एवं जागरूकता निधि में पड़ी रह जाती है। इन समस्याओं के समाधान के लिए केंद्र व राज्य शासन तथा भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा इसे मिशन मोड पर संचालित किया जा रहा है।

जिले के नागरिक अपने निष्क्रिय खातों या अन्य वित्तीय दावों की जानकारी प्राप्त करने के लिए संबंधित बैंक/शाखा से संपर्क कर सकते हैं।

इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में बैठक जिला पंचायत सिवनी के सभागृह में दिनांक 21.11.25, शुक्रवार को आयोजित की जाएगी।

# शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पांडिया छपारा में हुआ बाल मेला का आयोजन

**दीपक मेश्राम पांडिया छपारा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पांडिया छपारा में हुआ बाल मेला का भव्य आयोजन किया गया।विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को अध्ययन के अलावा अपने भविष्य में आत्मनिर्भर बनाने, जीवन निर्वाह के कौशल को विकसित करने एवं अपनी दक्षता प्रदर्शित करने के उद्देश्य से विद्यालय में मेले का आयोजन किया गया।इस आयोजन में विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढक़र हिस्सा लिया ।



छात्र-छात्राओं के द्वारा लगभग 35 स्टॉल लगाए गए जिसमे क्षेत्र की परंपरा अनुसार सिंघाड़ा, समोसा जलेबी, पकोड़े, पानी पूरी,चाट, नमकीन, मोमोस, झूला,रिंग से इनाम, पान, गुब्बारे गन्ने की दुकानें लगाई गई। कुछ छात्रों के द्वारा चंडी माता के प्रतिरूप, अहिरी नृत्य का भी प्रदर्शन किया गया। मेले का शुभारंभ समस्त छात्र-छात्राओं, समस्त स्टॉफ की उपस्थिति में ग्राम पंचायत पांडिया छपारा के सचिव महोदय विमल कुमार बाहेश्वर के कर कमलों द्वारा फीता काटकर एवं विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य पी एन भवडिया द्वारा चंडी पूजन कर किया गया। उक्त आयोजन में विद्यालय के समस्त शिक्षक/ शिक्षिकाओं के द्वारा समस्त सौपे गए दायित्वों का बखूबी पूर्ण जिम्मेदारी के साथ निर्वहन किया गया। छात्र-छात्राओं ने पूर्ण अनुशासन के साथ आनंदपूर्ण माहौल में मेले का आनंद लिया।विद्यालय स्टॉफ ने आगामी वर्ष में और भी बेहतर आयोजन करने की इच्छा जाहिर किया।

# जिला कांग्रेस ने मतदाता (पुनरीक्षण कार्यक्रम)हेतु ब्लॉक प्रभारी नियुक्त किये

**सिवनी ।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार, मतदाता (पुनरीक्षण कार्यक्रम) बीएलए-02 के प्रक्षिक्षण कार्य हेतु जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मरावी द्वारा जिले की चारो विधानसभा बरघाट, सिवनी, केवलारी एवं लखनादौन में ब्लॉक प्रभारी नियुक्त किये गए है जो निम्नानुसार है। विधानसभा बरघाट के बरघाट ब्लॉक हेतु तामसिंह टेम्भरे, हेमंत गजभिए, गंगेरूआ ब्लॉक हेतु श्रीकांत दुबे, टीकाराम पटले, सुकतरा ब्लॉक हेतु शिवदयाल पाल, शिवराम पंचेष्वर, कुरई ब्लॉक हेतु देवेन्द्र दीक्षित, फारूख खान, सिवनी विधानसभा के सिवनी(ग्रामीण) ब्लॉक हेतु अशोक सिरसाम, खेलन सिंह राहंगडाले, गोपालगंज ब्लॉक हेतु चन्द्रहास सनोडिया, चिंतामन धुर्वे, सिवनी(शहर)राजिक अकील, रंजीत यादव, बंडोल ब्लॉक हेतु राजमोहन सिंह बघेल लोमेष शर्मा, मुंगवानीकलां ब्लॉक से उदयसिंह बघेल, भावेष वर्मा, बखारी ब्लॉक से सुरेन्द्र सिंह ठाकुर, हितेन्द्र अप्पू प्रजापति, चमारी ब्लॉक से प्रेमचंद भलावी, आदित्य सिंह ठाकुर, केवलारी विधानसभा के केवलारी ब्लॉक से सुरेन्द्र साहू, ब्रम्हानंद सिंह बघेल, उगली ब्लॉक से इमरान अंसारी,शाह सिंह उइके,कान्हीवाड़ा ब्लॉक से मंशाराम चन्द्रवंशी,अजीजुर्रहमान बाबा भाई, धनौरा ब्लॉक से चिंटूदास सोनवाने, लखनसिंह बेलिया,छपारा ब्लॉक से रमाकांत सिंह ठाकुर, महेन्द्र अवधिया, लखनादौन विधानसभा के आदेगांव ब्लॉक से उत्तम सिंह धुर्वे, अरविन्द नेमा लखनादौन ब्लॉक से सूरज पाराशर, बंटू सोनी, धूमा ब्लॉक से ओम शिवहरे, फागूलाल आर्मो, सालीवाड़ा ब्लॉक से सीताराम उइके, अभय श्रीवास्तव, घंसौर ब्लॉक से शुभम सोनी, सेफान खान, केदारपुर ब्लॉक से श्री बसोडी भल्लारी, निरंजन सिंह ठाकुर, नागनदेवरी ब्लॉक से जगमोहन श्रीवास्तव, कृष्ण कुमार अन्नी सरवैया का समावेश है।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मरावी ने नवनियुक्त मतदाता (पुनरीक्षण कार्यक्रम) बीएलए-02 के प्रशिक्षण हेतु आप समस्त ब्लॉक प्रभारी गणो से अपेक्षा है कि बीएलए-02 के शतप्रतिशत प्रशिक्षण कार्य एवं प्रभार वाले ब्लॉको में मतदाता पुनरीक्षण कार्य को पूर्ण कराने में अपने दायित्वों का निर्वहन कर हमारे अखिल भारतीय कांग्रेस अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खडगे जी एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जी के हाथ मजबूत करने में सहयोग प्रदान करें।

# ज़रूरतमंद परिवारों तक पहुंचाई जा रही राहत सामग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

विश्वविख्यात पेंच टाइगर रिज़र्व सिवनी द्वारा संचालित ब्लैंकेट डोनेशन ड्राइव के तहत प्राप्त कंबलों का वितरण 4 नवंबर से लगातार किया जा रहा है। बढ़ती ठंड को देखते हुए प्रबंधन द्वारा बफर क्षेत्र के ज़रूरतमंद परिवारों तक राहत सामग्री पहुंचाई जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बफर क्षेत्र के 56 ग्रामों में कुल 3,376 पात्र लाभार्थियों को कंबल वितरित किए जा चुके हैं। पेंच टाइगर रिज़र्व के उपसंचालक रजनीश कुमार सिंह (भा.व.से.) ने बताया कि 4 नवंबर से 18 नवंबर तक 150 से अधिक लोगों द्वारा कंबल डोनेट किए गए।

प्राप्त कंबलों का वितरण प्राथमिकता के आधार पर बच्चों, वृद्धजनों और विधवा महिलाओं को किया जा रहा है। बफर रेंजवार वितरण विवरण कुंभपानी बफर (12 ग्राम) 232 बच्चे, 82 वृद्ध, 157 विधवा कुल 471 खमारपानी बफर (09 ग्राम)306 बच्चे, 152 वृद्ध, 206 विधवा कुल



664 घाटकोहका बफर (06 ग्राम)151 बच्चे, 34 वृद्ध, 117 विधवा कुल 302 रूखड़ बफर (11 ग्राम) 353 बच्चे, 145 वृद्ध, 216 विधवा कुल 714 खवासा बफर (09 ग्राम) 469 बच्चे, 64 वृद्ध, 157 विधवा कुल 690 अरी बफर (09 ग्राम) 266 बच्चे, 159 वृद्ध, 110 विधवा कुल 535 सभी क्षेत्रों को मिलाकर कुल 1,777 बच्चों, 636 वृद्धजनों और 963 विधवा महिलाओं ने इस राहत योजना का लाभ प्राप्त किया।

कंबल वितरण अभियान का शुभारंभ 4 नवंबर 2025 को वन परिक्षेत्र घाटकोहका के ग्राम परासपानी से किया गया था। कार्यक्रम में अन्निगिरी साहब (एपीसीसीएफ), देव प्रसाद जे. (क्षेत्रसंचालक), रजनीश कुमार सिंह (उपसंचालक) तथा गुरलीन कौर (सहायक वन संरक्षक) उपस्थित रहे। वन विभाग के अनुसार, यह पहल ग्रामीणों एवं विद्यार्थियों को ठंड से राहत प्रदान करने और समाज में सहयोग एवं संवेदना की भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की जा रही है। मौसम की स्थिति को देखते हुए आगे भी आवश्यक सामग्री वितरण की कार्रवाई जारी रहेगी।

### पत्रकार संजय जैन संजू को पितृ शोक

**सिवनी।** नगर के प्रतिष्ठित नागरिक सेवानिवृत्त शिक्षक बालचंद्र जैन का 83 वर्ष की आयु में बीते 19 एवं 20 नवंबर की मध्य रात्रि लगभग 1.30 बजे हृदयगति रूक जाने से आकास्मिक निधन हो गया। वे वरिष्ठ पत्रकार एवं दैनिक समाचार पत्र राज एक्सप्रेस के रिपोर्टर संजय जैन संजू के पिता थे। श्री जैन अपने पीछे पुत्र, पुत्रवधु, पुत्री, नाती-पोतों से भरा पूरा परिवार छोड़ गये है। स्व. बालचंद जैन की अंतिम यात्रा उनके बरघाट रोड स्थित निज निवास से प्रातः 11.30 बजे निकाली गई, जो कटंगी रोड मोक्षधाम पहुंची, जहां पर श्री जैन को पंचतत्व में विलीन किया गया। श्री जैन की अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में नाते-रिश्तेदार, स्वजाति बंधु, पत्रकारिता जगत से जुड़े लोगों के साथ राजनेता, जनप्रतिनिधि एवं क्षेत्रीयजनों ने उपस्थित होकर अपनी श्रृद्धांजलि अर्पित की।



## टोल प्लाजा पर लगे सीसीटीवी से ट्रैक होगी हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट, ई-चालान पहुंचेगा मोबाइल नंबर पर

# एक जनवरी 2026 से परिवहन विभाग व्यवस्था करेगा लागू, मोबाइल नंबर लिंक करने का कार्य भी अनिवार्य, हजारों वाहनों में अभी लगना है नंबर प्लेट

**सिवनी।** दोपहिया व चौपहिया वाहनों में हाई सिक्युरिटी नंबर प्लेट (एचएसआरपी) अनिवार्य रुप से लगाई जानी है, नए वाहनों में तो वाहन एजेंसियों में यह नंबर प्लेट लगाई जा रही है लेकिन अभी भी पुराने वाहनों में मनमर्जी के नंबर प्लेट नजर आते है। परिवहन विभाग ने अब हाई सिक्युरिटी नंबर प्लेट तथा मोबाइल अपडेट करवाने के लिए दिसंबर तक का समय दिया है, जिसके बाद वाहनों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। नई व्यवस्था के तहत एक जनवरी 2026 से अब टोल प्लाजा पर लगे सीसीटीवी से वाहनों में लगी हाई सिक्युरिटी नंबर प्लेट की जांच होगी तथा वाहनों में कमी होने पर ई चालान सीधे लिंक मोबाइल नंबर पर पहुंच जाएगा। हांलाकि वर्तमान में हजारों वाहन ऐसे है जिनमें अभी हाई सिक्युरिटी नंबर प्लेट नहीं लगे है जिन्हें लगवाना परिवहन विभाग के लिए चुनौती बना हुआ है।

### वाहनों के कोई भी कार्य नहीं

परिवहन विभाग ने हाई सिक्युरिटी नंबर प्लेट को लेकर नियमों को सख्त कर दिया है, अगर दोपहिया व चौपहिया वाहनों में अगर यह नंबर प्लेट नहीं है तो परिवहन कार्यालय पहुंचने पर कोई भी कार्य नहीं होंगे। वाहनों को परमिट, फिटनेस, वाहन ट्रांसफर नहीं हो पाएंगे। परिवहन कार्यालय पहुंचने वाले वाहनों पर तत्काल यह नंबर प्लेट लगवानी होगी।

### विभाग के पोर्टल से लिंक होंगे सीसीटीवी

परिवहन विभाग की इस नई व्यवस्था को लेकर विभाग ने कार्य शुरु कर दिया है, टोल प्लाजा पर लगे सीसीटीवी कैमरों को परिवहन विभाग के पोर्टल से लिंक कर दिया गया है। जब वाहन टोल प्लाजा से गुजरेगा तो सीसीटीवी वाहनों की हाई सिक्युरिटी नंबर प्लेट को स्क्रेन करेगा तथा विभाग के पोर्टल से जानकारी खंगालने के साथ ही लिंक नंबर पर कमियों के आधार पर ई चालान पहुंच जाएगा। ई चालान को लेकर परिवहन अधिकारी की आईडी भी बन गई है।

### वर्तमान में वाहनों में हाई सिक्युरिटी नंबर प्लेट की स्थिति

समय कितने वाहनों में लगी कितने वाहनों में लगना है।

एक अप्रेल 2019 से 191719 72981

21 नवंबर 2025 तक।

# युवा संगम कार्यक्रम मेला सम्पन्न

## 203 आवेदकों का रोजगार हेतु प्रारंभिक रूप से चयन

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में जिला रोजगार कार्यालय सिवनी, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र तथा शासकीय आई.टी.आई. सिवनी के संयुक्त तत्वाधान शासकीय आई.डी.आई. कुरई, जिला सिवनी में एक दिवसीय जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला आयोजित किया गया।

उक्त मेले में निजी क्षेत्र की 10 विभिन्न कम्पनियों ने भाग लिया। रोजगार मेले में 270 आवेदकों नें अपना पंजीयन कराकर मेले में भाग लिया। रोजगार मेंले में विभिन्न कम्पनियों द्वारा 203 आवेदकों का रोजगार हेतु प्रारंभिक रूप से चयन किया गया। उक्त मेलें मे प्रारंभिक रूप से कुलोदय टेक्नोवपैक द्वारा 13, आमधन प्राईवेट लिमिटेड द्वारा 29, अंबुजा फाउंडेंशन द्वारा 25, सीआई आई स्किल छिंदवाडा द्वारा 26, एल.आई.सी. सिवनी द्वारा 18, माइंडलैब्जल मीडिया टेक प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 23, एल.एन.जे. जबलपुर द्वारा 15, एस.आई.एस. ग्रुप द्वारा 03, प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन जबलपुर द्वारा 28 एवं टेंगों सिक्यू रिटी द्वारा 23 आवेदकों का रोजगार हेतु प्रारंभिक रूप से चयन किया गया। जिसमें अप्रेंटिसशिप के लिये आमधन प्राईवेट लिमिटेड द्वारा 14 आवेदकों का चयन किया गया।

जिला स्तरीय रोजगार मेले मे उपस्थित कंपनीयों द्वारा सुरक्षा गार्ड, ट्रेनीज, सहायक, काल सेंटर, फील्ड वर्कर, मशीन आपॅरेटर, पर्यवेक्षक, कम्प्यूटर आपॅरेटर, तकनीकि सहायक आदि पदों पर भर्ती की कार्यवाही की गई।

उक्त मेले में व्ही .के. सदाफल जिला रोजगार अधिकारी सिवनी, परते सहायक प्रबंधक जिला व्यावपार एवं उद्योग केंद्र सिवनी, संदीप सैनी प्लेसमेंट ऑफिसर शासकीय आई.टी.आई सिवनी, प्राचार्य के.एस. कंगाले शासकीय आई.टी.आई.कुरई, अभिषेक चौधरी प्ले समेंट आफिसर शासकीय आई.टी.आई. कुरई, सहायक प्राध्यापक पंकज गहरवाल शासकीय महाविद्यालय कुरई जिला सिवनी अधिकारी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

### फूट-फूटकर रोए परिजन; मंत्रियों-सांसदों ने दी अंतिम विदाई

# हॉकफोर्स इंस्पेक्टर आशीष को श्रद्धांजलि देने उमड़ा बालाघाट, नम आंखों से दी विदाई

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

**राजनांदगांव के बोरतालाब जंगल क्षेत्र में बुधवार सुबह नक्सलियों और सुरक्षाबलों की मुठभेड़ में हॉकफोर्स निरीक्षक आशीष शर्मा शहीद हो गए। उन्हें जांघ, कंधे और कमर में गोली लगी थी। पोस्टमॉर्टम के बाद उनके पार्थिव शरीर को आज सुबह बालाघाट लाया गया।**





अंबेडकर चौक से उनकी श्रद्धांजलि यात्रा निकाली गई। लगभग एक किलोमीटर का सफर तय करते हुए यह यात्रा शहीद स्मारक पुलिस लाइन पहुंची। इस दौरान पुलिस, सुरक्षाबलों और बालाघाट की जनता ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी।

शहीद स्मारक में मंत्री संपत्तिया उईके, सांसद भारती पारधी, विधायक राजकुमार कर्राहे, गौरव पारधी, आयोग सदस्य मौसम हरिनखेड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सरस्वार, पूर्व मंत्री गौरीशंकर बिसेन, नक्सल डीजी पंकज श्रीवास्तव, आईजी संजय कुमार, कलेक्टर मृणाल मीणा और एसपी आदित्य मिश्रा सहित पुलिस, सीआरपीएफ और हॉकफोर्स के जवानों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा में शहीद के भाई अंकित फूट-फूटकर रो पड़े, जिन्हें नक्सल डीजी ने ढांढस बंधाया। बालाघाट में लगभग तीन घंटे तक चले श्रद्धांजलि कार्यक्रम के बाद उनका पार्थिव शरीर एयर एंबुलेंस से उनके गृहग्राम बोहानी के लिए रवाना कर दिया गया। उनके साथ हॉकफोर्स के सहकर्मी जवान भी गए। नक्सल डीजी पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि आशीष शर्मा हॉकफोर्स के बहादुर जवान थे। उन्हें अपने अदम्य साहस, पराक्रम और वीरता के लिए दो बार राष्ट्रपति के हाथों वीरता पदक से सम्मानित किया गया था। बीते फरवरी में चार नक्सलियों को मार गिराने में उनकी अहम भूमिका रही थी। दुर्भाग्यवश, बुधवार को छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव बोरतालाब के जंगल में लड़ते हुए नक्सली गोली लगने से वे गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें बचाने का प्रयास किया गया, लेकिन सफलता नहीं मिली। नियमानुसार, उनके परिवार को शासन और विभागीय स्तर पर हरसंभव मदद प्रदान की जाएगी।

आशीष शर्मा 2018 से बालाघाट में हॉकफोर्स में पदस्थ थे। इस दौरान उन्होंने जिले के बैहर, गढ़ी और किन्ही क्षेत्रों में सेवाएं दीं। उनके कार्यकाल में बालाघाट पुलिस को नक्सलियों के खिलाफ कई बड़ी सफलताएं मिली थीं।

# मलाजखंड बस हादसा-मजदूर की मौत पर 20 घंटे का प्रदर्शन, परिजनों ने लगाए गंभीर आरोप

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट में मलाजखंड ताम्र परियोजना के अंडरग्राउंड माईंस में 11 नवंबर को हुए बस हादसे में घायल मजदूर मंगलेश यादव की मौत पर विवाद खड़ा हो गया है। परिजनों ने आरोप लगाया है कि प्रबंधन ने मंगलेश की मौत की जानकारी सात दिनों तक छिपाई। इस मामले को लेकर क्षेत्र में भारी आक्रोश देखा गया, जिसके चलते 20 घंटे तक चक्काजाम और प्रदर्शन जारी रहा।

यह घटना 11 नवंबर को मलाजखंड ताम्र परियोजना में हुई थी, जब एसएमएस कंपनी की एक बस के ब्रेक फेल होने से वह सैकड़ों मीटर घिसटकर पलट गई। इस हादसे में 27 मजदूर घायल हुए थे। गंभीर रूप से घायल मंगलेश यादव को पहले भिलाई और फिर रायपुर रेफर किया गया था। मॉयल प्रबंधन ने बुधवार, 19 नवंबर को उनकी मौत की पुष्टि की।

हालांकि, परिजनों का आरोप है कि मंगलेश यादव की मौत खदान में ही हो चुकी थी, लेकिन प्रबंधन ने सात दिनों तक उन्हें जीवित बताया। परिजनों के अनुसार, डीजीएमएस (खान सुरक्षा महानिदेशालय) की जांच पूरी होने तक मौत की खबर को जानबूझकर छिपाया गया।

19 नवंबर को मंगलेश की मौत की पुष्टि होते ही ग्रामीणों में आक्रोश भड़क उठा। उन्होंने परियोजना के मुख्य द्वार पर चक्काजाम कर दिया। जिला पंचायत सदस्य दलसिंह पन्द्रे और समाजसेवी रामेश्वर कटरे ने प्रदर्शन का समर्थन किया और पूरी रात मौके पर डटे रहे। प्रदर्शनकारियों ने 2 करोड़ रुपये का मुआवजा, बच्चों की शिक्षा, पत्नी को आजीवन पेंशन और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की थी।

19 नवंबर की शाम को मंगलेश का शव पहुंचने के बाद, एचसीएल कार्यालय के सामने शव रखकर प्रदर्शन शुरू किया गया। यह प्रदर्शन पूरी रात जारी रहा। इस दौरान एसडीएम अर्पित गुप्ता और एसडीओपी अरविंद शाह की मध्यस्थता में प्रदर्शनकारियों और मॉयल प्रबंधन के बीच तीन बार बातचीत हुई, लेकिन कोई समाधान नहीं निकल सका।

अंततः, लगभग 20 घंटे तक चले प्रदर्शन के बाद प्रबंधन ने प्रदर्शनकारियों की मांगें मान लीं। इसमें 57 लाख रुपये की बीमा राशि, मृतक की पत्नी को नौकरी और पेंशन, सुरक्षा व्यवस्था में सुधार तथा लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई शामिल थी। इसके बाद ही प्रदर्शन समाप्त किया गया।

# जिले में अवैध घरेलू गैस सिलेंडर उपयोग पर बड़ी कार्रवाई, 13 प्रतिष्ठानों से 23 सिलेंडर जब्त

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देश पर जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों के अवैध उपयोग पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में शनिवार, 19 नवंबर 2025 को खाद्य विभाग द्वारा तहसील किरनापुर के विभिन्न प्रतिष्ठानों पर संयुक्त टीम के साथ दबिश दी गई। टीम ने कुल 13 प्रतिष्ठानों से 23 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए।

खाद्य विभाग के जिला आपूर्ति श्री आर के ठाकुर ने बताया कि कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी श्री पहल सिंह वलाड़ी, श्री आकाश श्रीवास्तव एवं श्री मिलन तिवारी के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में तहसीलदार किरनापुर/हिर्री के सहयोग से होटल, रेस्टोरेंट और चाय-नाश्ते के ठेलों पर घरेलू गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग की जांच की गई। जाँच के दौरान पाया गया कि कई प्रतिष्ठानों में घरेलू रसोई गैस सिलेंडर का व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा था, जो एक्ट एवं गैस नियंत्रण आदेश 2000 तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के प्रावधानों का उल्लंघन है।

जांच के दौरान जिन प्रतिष्ठानों से सिलेंडर जब्त किए गए उनमें बाके बिहारी फूड कोर्ट, तरुण होटल, चैन की चाय, किंग राहुल साउथ इंडियन फास्ट फूड, सेवक होटल, बाबा होटल, बम्बूरे होटल, माँ शारदा होटल, जे.पी. भोजनालय, खुशबू होटल, ओम्मो कैफ़े, मुगलई चिकन बिरयानी सहित अन्य शामिल हैं। खाद्य विभाग ने स्पष्ट किया कि घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है। ऐसे मामलों में दोषियों के विरुद्ध प्रकरण तैयार कर आगे कार्रवाई की जाएगी।

इस अभियान में खाद्य विभाग की टीम, स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस विभाग का संयुक्त सहयोग रहा। प्रशासन ने व्यापारी वर्ग से अपील की है कि वे नियमों का पालन करें, अन्यथा भविष्य में भी इसी प्रकार की कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

# साइबर ठगी:APK फाइल डाउनलोड से लाखों रुपए खातों से उड़ाए

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट में साइबर ठगी के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। पिछले दो दिनों में जिले में साइबर धोखाधड़ी के तीन बड़े मामले सामने आए हैं, जिनमें मोबाइल पर आई एपीके लिंक डाउनलोड करने के बाद लाखों रुपए बैंक खातों से उड़ा लिए गए।

इनमें से एक मामला किरनापुर थाना क्षेत्र के चिखला गांव के किसान लक्ष्मण बम्बुरे से जुड़ा है। ठगों ने पहले उनके खाते में 70 हजार रुपए जमा किए, और फिर उनके खाते से 87 हजार रुपए निकाल लिए।

लक्ष्मण बम्बुरे ने बताया कि उन्हें एक अज्ञात कॉल आया था, जिसमें कहा गया कि उन्होंने उत्तर प्रदेश के एक व्यक्ति के खाते से पैसे निकाले हैं और वह राशि उनके खाते में आई है। जांच करने पर उन्होंने पाया कि 70,000 रुपए अलग-अलग किस्तों में उनके खाते में जमा हुए थे।

हालांकि, अगले ही दिन उनकी अपनी जमा पूंजी के 17 हजार रुपए सहित कुल 70 हजार रुपए भी खाते से निकाल लिए गए, जिससे उनके खाते में केवल 33 रुपए शेष बचे। उन्होंने लखनऊ थाने में शिकायत दर्ज कराई है और उन्हें बयान देने के लिए वहां बुलाया गया है, जिससे वह परेशान हैं।

लक्ष्मण बम्बुरे के अलावा दो अन्य व्यक्तियों के खातों से क्रमशः 1 लाख 59 हजार और 93 हजार रुपए की ठगी की गई है। पुलिस ने बताया कि पिछले कुछ महीनों में एपीके फाइल डाउनलोड के जरिए खाते से राशि निकाले जाने के 10 से 11 मामले सामने आए हैं। इन मामलों में ठगों ने शादी, चालान या अन्य कारणों का बहाना बनाया था। साइबर पुलिस टीम इन सभी मामलों की जांच में जुट गई है।

इस मामले में थाना प्रभारी कामेश धुमकेती ने बताया कि शिकायत की जांच साइबर नोडल थाना के माध्यम से कराई जाएगी और पीड़ितों को उनकी गई राशि वापस लौटाने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा। अभी मामले की जांच जारी है।

# खैरी में 2 दिसंबर से पांच दिवसीय शिव मेला का होगा शुभारंभ

### सांस्कृतिक कार्यक्रम का होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।

खैरलांजी मुख्यालय से करीब तीन किलोमीटर दूर ग्राम खैरी में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी स्व. श्री रतन लाल जी लिल्हारे महाजन की स्मृति में 2 दिसंबर से 7 दिसंबर तक पांच दिवसीय शिव मेले का आयोजन महादेव टोला शिव मंदिर परीसर खैरी में होगा। इस दौरान मेंले श्रदालुगंणो के द्वारा भगवान शिव की भक्तिभाव से विधी विधान अनुरूप पूंजा अर्चना कर सबके कल्याण एंव सुख समृद्धी के लिए भगवान से प्रार्थना की जाएगी। जानकारी के अनुसार मेला में कार्यक्रम की शुरुआत 2 दिसंबर मंगलवार से कि जायेगी प्रथम दिवस अखंड रामायण सुबह 10 बजे से, रात्री में त्रिपुर दिप प्रज्वलित होगा। 3 दिसंबर को अखंड रामायण का समापन, हवन पूंजन दहीकाला कीर्तन श्री परमेश्वर पुरी महाराज के द्वारा भजन कीर्तन का गायन होगा। 4 सितंबर को रात में सांस्कृतिक कार्यक्रम।5 दिसंबर लावणी रूद्र स्टार ग्रूप नागपुर की प्रस्तुती होगी। 6 दिसंबर को तीन अंकी नाटक वडसा के द्वारा पेश किया जाएगा। 7 सितंबर को दुय्यम शायरी की शानदार प्रस्तुती होगी। साथ ही में मेंले विविध मनोरंजन कार्यक्रम की प्रस्तुती होगी । मेले को सफल बनाने में ग्राम सरपंच रामप्रसाद तितरमारे, रमन लिल्हारे, परमानांद रांगहडाले, टिकमजी मते, बिपत ठाकरे ,राजु दमाहे सहित अन्य समिति के पदाधिकारी सहित ग्रामीणजनो का सहयोग प्रदान होगा

# जिले में पराली जलाने पर प्रतिबंध: पर्यावरण संरक्षण के लिए सख्त कदम

### पराली जलाने वाले पर होगी सख्त कार्यवाही

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** पराली जलाने से खेत की मिट्टी में पाये जाने वाले उपयोगी एवं मित्र कीट आदि के नष्ट होने एवं इसके धुएं के कारण पर्यावरण को नुकसान पहुंचने की संभावना को देखते हुए श्री मृणाल मीना ने जिले में फसल कटाई के बाद पराली जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। जिले में जो कोई भी किसान या अन्य व्यंक्ति खेतों में पराली जलाते हुए पाया जायेगा उसके विरूद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा-163 और आपदा प्रबंधन अधिनियम-2005 की धारा-30 के तहत सख्त कार्यवाही की जाएगी।

उप संचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय ने बताया कि पराली जलाने पर किसानों पर जुर्माना लगाया जायेगा। 02 एकड़ तक की जमीन वाले किसानों द्वारा पराली जलाये जाने पर 2,500 रुपये का जुर्माना लगाया जायेगा और 02 से 05 एकड़ जमीन वाले किसानों पर 5,000 रुपये का जुर्माना लगाया जायेगा और 05 एकड़ से अधिक जमीन वाले किसानों पर 15 हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा।

उप संचालक कृषि श्री मालवीय ने बताया कि पराली जलाने से वातावरण प्रदूषण होने के साथ ही कार्बन डाइऑक्साइड, कार्बन मोनोऑक्साइड, मीथेन जैसी हानिकारक गैसें निकलती हैं, जो वायु प्रदूषण को बढ़ाती हैं। पराली जलाने से मिट्टी की गुणवत्ता प्रभावित होती जमीन की ऊपरी परत जल जाती है, जिससे मिट्टी की उर्वरता कम होती है और लाभकारी जीवाणु नष्ट होते हैं। वही स्वास्थ्य जोखिम धुआं सांस लेने में परेशानी और गंभीर बीमारियों का कारण बनता है। पराली जलाने से पशुओं के भोजन की कमी होती है। पराली को जलाने की बजाय खेत में मिलाने से मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार होता है, कार्बन और पोषक तत्व बढ़ते हैं, जिससे सिंचाई की बचत होती है।

# कलेक्टर ने की जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक

### पूर्व व प्रगतिरत कार्यों कों शीघ्र करने के निर्देश

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना की अध्यक्षता में 20 नवंबर कों कलेक्टर सभाकक्ष में लोक स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक सराफ व विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।



बैठक में कलेक्टर श्री मीना ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत नल जल योजनाओं की विकासखंड स्तर पर समीक्षा की। उन्होने बिरसा, बैहर, लांजी,बालाघाट व अन्य विकासखंडो में पूर्ण हो चुकी नल जल योजना के नल कनेक्शन वाले हितग्राहियों के आधार कार्ड की एंट्री कार्य कों शीघ्रता से 2 दिन के अंदर करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार उन्होने सभी विकासखंडो में नल लगाने के लिए पाइप लाइन शीघ्र लगाने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर श्री मीना ने उपस्थित सभी एसडीओ कों निर्देश दिए कि वे ये सुनिश्चित अवश्य करें की नल लगाने के बाद उन नलों में पानी आ रहा है अथवा नहीं। ऐसे ठेकेदार जो अपना काम ईमानदारी से नहीं कर रहे उन पर कार्यवाही करते हुए उनकी कंपनियों कों ब्लैक लिस्टेड करें।

### ठंड को देखते हुए अलाव की व्यवस्था करने के निर्देश

**बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना की अध्यक्षता में 20 नवंबर कों कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले के सभी नगरीय निकायों के अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक में संयुक्त कलेक्टर एवं शहरी विकास अभिकरण के परियोजना अधिकारी राहुल नायक व अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर श्री मीना ने बैहर, कटंगी, वारासिवनी व अन्य नगर पालिका अधिकारियों कों गीता भवन की स्थापना का कार्य शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होने सभी निकायों के सीएमओ से कहा कि वे सभी रूचि लेकर इसकी स्थापना कों शीघ्रता से कराये ताकि आम जन कों इसका लाभ मिल सकें। बैठक में कलेक्टर श्री मीना ने सभी निकायों के सीएमओ कों शीत ऋतु में अलाव की व्यवस्था करने, आश्रय स्थल और रेन बसेरा में सुचारु रूप से व्यवस्था करवाने के निर्देश दिए। इस वर्ष जिले में शीत ऋतु के प्रकोप कों देखते हुए रेन बसेरा व आश्रय स्थल बनाने से गरीब व असहाय लोगो कों काफ़ी राहत मिलेगी।

### विधायक ने ग्रामीण व पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल के प्रति जताया आभार

# विधायक मधु भगत के प्रयासों से विभिन्न ग्रामों में सामुदायिक भवन निर्माण को स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में ग्रामीण विकास को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। क्षेत्र के विधायक मधु भगत ने बताया कि बीते माह उन्होंने अपने विधानसभा क्षेत्र के अनेक ग्राम पंचायतों में सामुदायिक भवन निर्माण की आवश्यकता को देखते हुए मध्यप्रदेश शासन के ग्रामीण व पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा था। क्षेत्र की जरूरतों और जनहित के महत्व को समझते हुए मंत्री पटेल ने इस प्रस्ताव पर सकारात्मक रुख अपनाया और तत्काल कार्रवाई करते हुए विभिन्न ग्राम पंचायतों में सामुदायिक भवन निर्माण को स्वीकृति प्रदान की है।

विधायक भगत ने जानकारी दी कि जिन ग्रामों में सामुदायिक भवन स्वीकृत किए गए हैं, उनमें कुमादेही, मगरदर्रा, मोहगांव माल, अतरी, कोरमा, कोहकाढ़ीबर, खुरसोडी, गडगा, गुडरू, चिचगांव, जागपुर, टाकाबर्रा, धापेवाड़ा, पाथरवाड़ा और पेंडरई सहित अन्य गांव शामिल हैं। इन सभी स्थानों पर सामुदायिक गतिविधियों, सामाजिक आयोजनों तथा ग्रामीण बैठकों के लिए सुव्यवस्थित भवन उपलब्ध होने से स्थानीय नागरिकों को बड़ी सुविधा मिलेगी।

उन्होंने बताया कि मंजूर किए गए सामुदायिक भवनों के लिए कुल 25 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके तहत प्रथम किश्त के रूप में 12.50 लाख रुपये जारी किए जाएंगे, जिससे निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराया जा सकेगा। विधायक भगत ने यह भी बताया कि अब तक वे अपने क्षेत्र में 20 नए सामुदायिक भवनों की स्वीकृति दिला चुके हैं। शेष ग्राम पंचायतों में भी आवश्यकता अनुसार सामुदायिक भवन स्वीकृत कराने का कार्य आगामी समय में जारी रहेगा।



विधायक मधु भगत ने कहा कि ग्रामीण विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और वे क्रमबद्ध रूप से हर गांव की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि "ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत संरचना मजबूत होने से ही विकास का मार्ग प्रशस्त होता है। हमारा उद्देश्य क्षेत्र को विकास के पथ पर निरंतर आगे बढ़ाना है।"

अंत में विधायक भगत ने ग्रामीण व पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मंत्री ने क्षेत्र की जरूरतों को समझते हुए सामुदायिक भवनों की स्वीकृति प्रदान कर जनहित में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी ग्रामीण विकास से जुड़े प्रस्तावों पर मंत्री इसी तत्परता और गंभीरता का परिचय देते रहेंगे, जिससे जनकल्याणकारी कार्यों को नई गति मिल सके।

# शहर में बंद पड़ी तीसरी आंख : अपराधी निरकुंश आए दिन हो रही चोरी की वारदातें

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

बालाघाट जिले के कटंगी थाना क्षेत्र में बीते दिनों डबल मर्डर की दो बड़ी वारदातें हुई। इन वारदातों में पति-पत्नी की निर्मम हत्या कर दी गई। पहली घटना 14 सितंबर को थाना क्षेत्र के ग्राम मोहगांव में हुई जहां बिसेन दंपत्ति की घर में घुसकर निर्मम हत्या कर दी गई। दूसरी घटना 05-06 नवंबर की दरमियानी रात्रि को थाना से महज 01 किमी. दूर अर्जुननाला में हुई। जहां हांके दंपत्ति की निर्मम हत्या हुई थी। हालांकि हांके दंपत्ति की हत्या के 24 घंटों के भीतर ही पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई तस्वीरों के आधार पर आरोपियों को गिरफ्तारी करने में सफल हो पाई। डबल मर्डर की इन दो बड़ी वारदातों के बीच कटंगी शहर और थाना क्षेत्र में करीब दर्जन भर से अधिक चोरी की वारदातें हुई। शहर में मंदिर, दरगाह और दुकानों को चोरों ने अपना निशाना बनाया। मगर, किसी भी चोरी को अंजाम देने वाले चोरों का पुलिस पता नहीं लगा पाई। वजह, शहर में तीसरी आंख यानी सीसीटीवी कैमरों को बंद होना माना जा रहा है। क्षेत्र में आए दिन होने वाली चोरी की घटनाओं और दो डबल मर्डर की वारदातों ने दुकानदार से लेकर स्थानीय रहवासियों में डर का माहौल है जो लोग पहले बेखौफ होकर रात को चैन से सोते थे आज हल्की सी आहट उनकी नींद उड़ा देती है। लोगों को इस बात का डर हमेशा ही सताता है कि कहीं घर में चोर या कोई हत्यारा तो नहीं घुस आया है।



मॉडल शहर के नाम पर करीब 05 वर्ष पूर्व नगर परिषद ने लाखों रुपए खर्च कर शहर के अलग-अलग हिस्सों में सीसीटीवी कैमरे लगवाएं थे। पूर्व पार्षद योगराज ठाकरे के मुताबिक कमीशनखोरी के चलते घटिया कैमरे खरीदे गए। जिस कारण 06 माह में ही कैमरे खराब हो गए। एक कैमरे में आगजनी की भी घटना हो गई थी। ग्वालियर की किसी कंपनी से कैमरों की खरीददारी की गई थी। कैमरों के बंद होने के बाद समय-समय पर इन्हें शुरू करवाने की मांग की गई यहां तक की शांति समिति की बैठकों में भी इस विषय को उठाया गया बावजूद इसके आज तक बंद कैमरों को शुरू नहीं किया गया है। कैमरों की घटिया क्वालिटी होने का अंदाजा तो इसी से लगाया जा सकता है कि 06 माह में ही अधिकांश कैमरे बंद हो गए थे। गौरतलब हो कि अपराधों की रोकथाम, शहर की सुरक्षा में सुधार, और सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए शहर में सीसीटीवी कैमरों का होना बेहद आवश्यक हैं। क्योंकि चोरी और अन्य किसी भी अपराध के बाद आरोपियों को पकड़ने में कैमरे साक्ष्य के तौर पर कार्य करते हैं. सीसीटीवी के लगे होने से अपराधियों में डर का माहौल रहता है लेकिन इन कैमरों के बंद होने से लोगों में भय का माहौल बना हुआ है।

बीते दिनों अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निहित उपाध्याय ने हांके दंपत्ति की हत्या का खुलासा करते हुए लोगों से सीसीटीवी कैमरे लगाने की अपील की थी। शहर के जागरूक युवा नवीन चौकसे का कहना है कि आर्थिक रुप से सक्षम व्यक्ति तो अपने घरों और प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी कैमरे लगा सकता है लेकिन कमजोर वर्ग के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाना यानी अतिरिक्त का खर्च है। शहर में नगर परिषद ने जो कैमरे लगाए थे उन्हें फिर से शुरू करना चाहिए। सिनेमा चौक के होटल संचालक संजय चौरसिया का कहना है कि पुलिस की नाकामी के कारण भी शहर में आपराधिक गतिविधियों में इजाफा हुआ हैं। पहले रात्रि के वक्त जगह-जगह पुलिस पाइंट बनाकर पुलिस कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाती थी लेकिन अब केवल गश्ती ही की जाती है। इसमें भी पुलिस का सायरन सुनकर चोर और सर्तक हो जाते है। व्यवसायी पवन अग्रवाल का कहना है कि आज नागरिकों में डर का माहौल बना हुआ है। शहर में सीसीटीवी कैमरों की नितांत आवश्यकता है। क्योंकि कैमरों से ना सिर्फ आपराधिक गतिविधियों पर नजर रखी जा सकती है बल्कि यातायात प्रबंधन व सार्वजनिक स्थानों पर लोगों के व्यवहार पर नज़र रखने में मदद मिलती है।